प्राक्कथन

भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के इस प्रतिवेदन में छत्रपति शिवाजी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, मुम्बई पर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) द्वारा सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) परियोजना के कार्यान्वयन पर की गई निष्पादन लेखापरीक्षा के परिणाम शामिल हैं। लेखापरीक्षा में 2006 से 2012 की अवधि को शामिल किया गया है। यह प्रतिवेदन नागर विमानन मंत्रालय (एमओसीए), भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई), भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण (एईआरए), 2006 के परिचालन, प्रबंधन तथा विकास करार, यात्री सेवा शुल्क (सुरक्षा संघटक) निलम्ब लेखा आदि से संबंधित दस्तावेजों की संवीक्षा पर आधारित है।

यह प्रतिवेदन संविधान के अनुच्छेद 151 के अन्तर्गत भारत के राष्ट्रपति को प्रस्तुत करने के लिए तैयार किया गया है तथा यह 2012-13 की प्रतिवेदन संख्या 5 के क्रम में है जिसमें इन्दिरा गाँधी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, दिल्ली में एएआई द्वारा इसी प्रकार की पीपीपी परियोजना की निष्पादन लेखापरीक्षा को शामिल किया गया था।

निष्पादन लेखापरीक्षा के दौरान सभी स्तरों पर एमओसीए, एईआरए तथा एएआई के वरिष्ठ अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा दिए गए सहयोग तथा सहायता के लिए लेखापरीक्षा आभार व्यक्त करती है।